# Services Housing Co-operative Society Limited
## Ashok Nagar,Ranchi-834002
## E_Mail – support@ashoknagarranchi.com


दिनांक 02.08.2026 को डॉ0 माधव, अध्यक्ष की अध्यक्षता में निदेशक मण्डल के बैठक की कार्यवाही।

निदेशक मंडल की बैठक में निम्नलिखित सदस्य उपस्थित हुएः–

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1– | डॉ0 माधव – | अध्यक्ष | उपस्थित |
| 2– | श्री के0 पी0 पाण्डेय | उपाध्यक्ष | उपस्थित |
| 3– | श्री अनिल शंकर | अ0 सचिव | अनुपस्थित |
| 4– | श्री शंकर प्रसाद वर्मा | सं0 सचिव | उपस्थित |
| 5– | श्री बसंत कुमार भट्टाचार्य | निदेशक | उपस्थित |
| 6– | श्री प्रताप सिंह | निदेशक | उपस्थित |
| 7– | श्रीमति शोभा कुमारी | निदेशक | अनुपस्थित |
| 8– | श्रीमति कृष्णा श्रीवास्तव | निदेशक | उपस्थित |
| 9– | डॉ0 (श्रीमति) जुबी जेन केशरी | निदेशक | उपस्थित |
| 10– | श्रीमति गुंजन सिंह | निदेशक | उपस्थित |
| 11– | श्रीमति सरोज बाला | निदेशक | उपस्थित |

बैठक में सर्वसम्मति से निम्नलिखित प्रस्ताव पारित किए गये–

प्रस्ताव संख्या –1ः– दिनांक 21.06.2026 के बैठक की कार्यवाही की सम्पुष्टि की गई।

प्रस्ताव संख्या –2ः– सोसाईटी परिसर में दिनांक 09.07.2026 को दो प्लॉट में चोरी एवं गोलीवारी की घटना के संबंध में विमर्श किया गया। उपस्थित सभी सदस्यों के द्वारा इस घटना पर दुःख प्रगट किया गया। सोसाईटी परिसर की सुरक्षा रखने हेतु जो भी आवश्यक कदम यथा– **CC TV** कैमरा लगाना, सुरक्षा गार्डों को आवश्यक सुविधा प्रदान करना, कार पास एवं मोटरसाइकिल / स्कूटी पास निर्गत करना इत्यादि उठाने हेतु आवश्यक कार्रवाई करने का निर्णय लिया गया।

प्रस्ताव संख्या–3ः– सोसाईटी परिसर की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु **CC TV** कैमरा के अधिष्ठापन का सर्वक्षण कराया गया। इस आलोक में श्री के0 पी0 पाण्डेय, उपाध्यक्ष की अध्यक्षता में निम्न प्रकार से एक कमिटि बनाने का निर्णय लिया गया–

| कम सं0 | नाम | प्लॉट सं0 | पद |
|---|---|---|---|
| 1 | श्री के0 पी0 पाण्डेय | 21/ सी | अध्यक्ष |
| 2 | श्री बसंत कुमार भट्टाचार्या | 303 / सी | सदस्य |
| 3 | कर्नल खालिद | 49 / सी | सदस्य |
| 4 | ब्रिग्रेडियर मनीष त्रिपाठी | 296 / सी | सदस्य |
| 5 | श्री शाश्वत कुमार **IPS** | 22 / सी | सदस्य |
| 6 | श्रीमति उषा कुमार | 200 / सी | सदस्य |
| 7 | श्रीमति डॉ0 सीमा | 124 / सी | सदस्य |
| 8 | श्रीमति विनिता शरण | 234 / बी | सदस्य |
| 9 | श्री पी0 सिन्हा | 175 / सी | सदस्य |

283
04.8.2026

प्रस्ताव संख्या –9:– प्लॉट सं0 329/ बी –श्रीमति इंदिरा शाही के द्वारा अपनी पुत्री डॉ0 स्मिता दत्ता के पक्ष में एकल नामांकण के आवेदन की स्वीकृति प्रदान की गई।

प्रस्ताव संख्या –10:– प्लॉट सं0 245/ बी –श्री अरूण कुमार पाण्डेय के द्वारा अपनी पत्नी श्रीमति ज्योति पाण्डेय, पुत्र श्री दीपक पाण्डेय एवं पुत्री राज लक्ष्मी के नामांकण आवेदन की स्वीकृति प्रदान की गई।

प्रस्ताव संख्या –11:– प्लॉट सं0 45/ सी –श्री महेश कुमार के द्वारा अपनी पत्नी श्रीमति सुनीता कुमारी एवं पुत्र श्री शरत चंद्र के पक्ष में **Succesive** नामांकण बनाने के आवेदन की स्वीकृति प्रदान की गई।

प्रस्ताव संख्या–12:– प्लॉट सं0 338/ बी –स्व0 मालती शर्मा की मृत्यु के उपरांत उनके पुत्र श्री संजय प्रकाश के पक्ष में प्लॉट सं0 338/ बी का सदस्यता हस्तांतरण की स्वीकृति प्रदान की गई।

प्रस्ताव संख्या–13:– प्लॉट सं0 19/सी के सदस्य श्री प्रणव कुमार के द्वारा 6.96 डि0 का सदस्यता एवं शेयर श्री आशीष कुमार झा, **Commandant, CRPF** के पक्ष में **Surrender** करने का आवेदन प्राप्त हुआ है। साथ ही श्री आशीष कुमार झा के द्वारा सोसाईटी का सदस्य बनाने तथा प्लॉट सं0 19 /सी के अंतर्गत 6.96 डि0 के निबंधन हेतु **NOC** निर्गत करने का अनुरोध किया गया है।

निदेशक मंडल के समक्ष श्री आशीष कुमार झा, उपस्थित हुए। श्री प्रणव कुमार के द्वारा प्लॉट सं0 19/ सी के 6.96 डी0 का सदस्यता एवं शेयर श्री आशीष कुमार झा, के पक्ष में **Surrender** करने एवं श्री आशीष कुमार झा, द्वारा सोसाईटी का सदस्यता एवं शेयर प्राप्त करने हेतु सहमति प्रदान की।

अतः उक्त आलोक में श्री प्रणव कुमार प्लॉट सं0 22/ (19) सी का सदस्यता एवं शेयर श्री आशीष कुमार झा, के पक्ष में **Surrender** करने, श्री आशीष कुमार झा, को सोसाईटी का सदस्य बनाने तथा प्लॉट सं0 19/ सी के 6.96 डी0 का निबंधन हेतु **NOC** निर्गत करने का निर्णय लिया गया।

प्रस्ताव संख्या –14:– प्लॉट सं0 291/सी के सदस्य श्री ध्रुव ज्योति बसु के द्वारा सदस्यता एवं शेयर श्री प्रेम रंजन, प्रबंधक निदेशक, झारखण्ड पर्यटन विकास निगम रॉची के पक्ष में **Surrender** करने का आवेदन प्राप्त हुआ है। साथ ही श्री प्रेम रंजन के द्वारा सोसाईटी का सदस्य बनाने तथा प्लॉट सं0 291 /सी के निबंधन हेतु **NOC** निर्गत करने का अनुरोध किया गया है।

2/8/26 2/8/2026 283 04.8.2026

निदेशक मंडल के समक्ष श्री ध्रुव ज्योति बसु एवं श्री प्रेम रंजन के द्वारा अधिकृत व्यक्ति श्री संजय सिंह उपस्थित हुए। श्री ध्रुव ज्योति बसु के द्वारा प्लॉट सं0 291/ सी का सदस्यता एवं शेयर श्री प्रेम रंजन, के पक्ष में **Surrender** करने एवं श्री प्रेम रंजन, द्वारा सोसाईटी का सदस्यता एवं शेयर प्राप्त करने हेतु सहमति प्रदान की।

अतः उक्त आलोक में श्री ध्रुव ज्योति बसु प्लॉट सं0 291/ सी का सदस्यता एवं शेयर श्री प्रेम रंजन, के पक्ष में **Surrender** करने, श्री प्रेम रंजन, को सोसाईटी का सदस्य बनाने तथा प्लॉट सं0 291/ सी का निबंधन हेतु **NOC** निर्गत करने का निर्णय लिया गया।

<u>प्रस्ताव संख्या –15ः–</u> सोसाईटी के रख रखाव एवं सुरक्षा शुल्क पर धारित विलम्ब शुल्क एवं ब्याज से संबंधित 63वीं आमसभा में पारित प्रस्ताव, जिसमे 25 % विलम्ब शुल्क तथा 75% व्याज की राशि माफ करने के निर्णय को अगले माह दिसंबर 2026 तक विस्तारित करने का निर्णय लिया गया।

<u>प्रस्ताव संख्या– 16ः–</u> 65 वीं वार्षिक आमसभा दिनांक 30.08.2026 (रविवार) को पूर्वाहन 11:30 बजे से सोसाईटी के सभागार भवन में करने तथा तैयार किये गये कार्यावली की स्वीकृति प्रदान की गई।

<u>प्रस्ताव संख्या– 17ः–</u> सुश्री नीना सिन्हा, **Accountant** के द्वारा सोसाईटी से स्वेच्छा से त्याग पत्र दी है जिसे स्वीकृत कर लिया गया है एवं उनके स्थान पर सुश्री खुशी कुमारी जो माह मार्च 2026 में चयन समिति के समक्ष **Interview** हेतु उपस्थित हुई थी, को **Accountant** पद पर नियुक्त करने का निर्णय लिया गया।

सुश्री खुशी कुमारी को **Accounts** से संबंधित जानकारी है एवं इनके द्वारा सोसाईटी में **Accountant** के पद पर कार्य करने की इच्छा व्यक्त की गयी है।

अतः निर्णय लिया गया कि सुश्री खुशी कुमारी को मो0 23,000/- ( तेईस हजार) रू0 परिश्रमिक एवं अन्य अनुमन्य भत्ते पर नियुक्त किया जाय। तीन माह परीक्ष्यमान अवधि पुरा करने के पश्चात अनुमान्य भत्ता देय होगा।

<u>प्रस्ताव संख्या –18ः–</u> सोसाईटी के सभी सदस्यों एवं उनके किरायेदारों हेतु 2000 अद्द कार पास तथा 2000 अद्द स्कूटी / मोटरसाईकिल पास प्रिंटिंग कराने का प्रस्ताव है। इस संबंध में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि–

– 2000 अद्द कार पास तथा 2000 अद्द स्कूटी / मोटरसाईकिल पास प्रिंटिंग कराया जाय।

283
04.8.2026

– कार पास का साईज 5″ x 6″ तथा स्कूटी / मोटरसाईकिल पास का साईज 4.5″ x 4.5″ होगा ।

– अन्नपूर्णा प्रेस के द्वारा दिये गये दर यथा – कार पास का दर मो0 30 (तीस ) रू0 प्रति ईकाई तथा स्कूटी / मोटरसाईकिल पास का दर मो0 15 (पन्द्रह ) रू0 प्रति ईकाई पर अन्नपूर्णा प्रेस से मुद्रित कराया जाय।

– प्रत्येक प्लॉट के लिए दो अद्द कार पास तथा एक अद्द स्कूटी / मोटरसाईकिल पास निःशुल्क दिया जाय एवं इसके अतिरिक्त कार पास का 50 रू0 एवं स्कूटी / मोटरसाईकिल पास का 30 रू0 शुल्क के साथ दिया जाय।

– पूर्व में निर्गत कार / बाईक पास स्वतः अमान्य हो जायेंगे।

प्रस्ताव संख्या–19:– श्रीमति छवि प्रसाद, सह–सदस्य 397 बी के द्वारा सोसाईटी हॉल के **Reservation** दिनांक 16.08.2026 को पूर्वा0 10:30 से अप0 2:00 बजे तक रियायत दर पर करने का अनुरोध किया गया है। निर्णय लिया गया कि इनसे 5,000/- प्राप्त कर उक्त_तिथि को हॉल का **Reservation** किया जाय।

प्रस्ताव संख्या–20:– वितीय वर्ष 2025–26 के अंकेक्षण प्रतिवेदन के विमर्श के उपरांत स्वीकृति प्रदान किया गया।

प्रस्ताव संख्या–21:– वितीय वर्ष 2025–26 का आय व्यय विवरणी एवं 2026–27 तथा 2027– 28 के 4 माह के **Budget** पर विचार विमर्श किया गया। वितीय वर्ष 2026–27 तथा 2027– 28 के 4 माह के **Budget** को आमसभा में प्रस्तुत करने का निर्णय लिया गया। परिशिष्ट संलग्न।

प्रस्ताव संख्या–22:– 15 अगस्त 2026 के समारोह हेतु नाश्ता एवं अन्य खर्च करने का निर्णय लिया गया। कार्यालय अधीक्षक एवं सोसाईटी अभियंता को इस कार्य हेतु अधिकृत किया जाता है।

प्रस्ताव संख्या-23:- सोसाईटी परिसर के

**I.** पार्क **A**, में चार अद्द ( विभिन्न आकार के) गेट का निर्माण,

**II.** **Health Centre** में एक अद्द खिड़की एवं तीन अद्द दरवाजा का निर्माण,

**III.** महिला क्लब में खिड़की का निर्माण, छत एवं कमरा के भीतर की मरम्मति एवं रंगरोगन।

**IV.** सोसाईटी में पूर्व से निर्मित यात्री शेड़ की मरम्मती,

**V.** पार्क **B** में ट्रैक्टर, ई– रिक्सा एवं अन्य वाहन के रखने हेतु शेड गैरेज का निर्माण

उपरोक्त कार्य **M/S Khushi Steel** के द्वारा निर्माण कराने की सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की जाती है।

283
04.8.2026

<u>प्रस्ताव संख्या–24:–</u> सोसाईटी के **Digitization, Computerization** एवं **SHCS Connect App** के उपयोग हेतु 1 अदद **High resolution computer set with printer** क्रय करने का निर्णय लिया गया।

<u>प्रस्ताव संख्या–25:–</u> सोसाईटी के लगभग 11 सदस्यों के द्वारा अपने प्लॉट का आधा हिस्सा नियमानुसार बिक्री कर दिये है। उक्त हिस्से के केता को सह सदस्य बनाया गया है, जबकि उनके द्वारा सदस्यता शूल्क मद में राशि सोसाईटी द्वारा ली जाती है। सम्यक विचारोपरांत यह निर्णय लिया गया कि वैसे खंडित प्लॉट के सह–सदस्य को सदस्य बनाने पर आमसभा में प्रस्तुत करने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया।

अन्यान्यः–

1.– रोड़ नं0 1, 2, एवं 6 में **M/S Khushi Steel** से **Guard room** का निर्माण करवाने का निर्णय लिया गया।

2.– श्रीमति कृष्णा श्रीवास्तव के द्वारा सुझाव आया की मार्केटिंग कोम्पलेक्स के दुकान के बाहर दुकानदारों के द्वारा काफी मात्रा में सामान रखे जाने के कारण आने जाने में काफी कठिनाई हो रही है। इस संबंध में निर्णय लिया गया कि सोसाईटी अभियंता मजदूरों के साथ जा कर दुकान के बाहर रखे सामान को हटवायें। यदि वे अवश्यक समझें तो **T.O.P.** अशोक नगर से सहयता प्राप्त कर सकते हैं।

अंत में धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक की कार्यवाही समाप्त की गयी।

| | | |
|---|---|---|
| श्री प्रताप सिंह<br>निदेशक | श्री बसंत कुमार भटटाचार्य<br>निदेशक<br>02/08/2026 | श्रीमति सरोज बाला<br>निदेशक<br>02/08/2026 |
| श्रीमति कृष्णा श्रीवास्तव<br>निदेशक | डॉ0 (श्रीमति) जुबी जैन केशरी<br>निदेशक<br>2/8/2026 | श्रीमति गुंजन सिंह<br>निदेशक<br>2.8.26 |
| श्री शंकर प्रसाद वर्मा<br>सं0 सचिव | श्री के0 पी0 पाण्डेय<br>उपाध्यक्ष | डॉ0 माधव<br>अध्यक्ष |

283
04.8.2026

ज्ञापांकः– 283 दिनांकः– 04/08/2026

प्रतिलिपिः– निदेशक मंडल के सभी सदस्यों को सूचनार्थ एवं अवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

अध्यक्ष

ज्ञापांकः– 283 दिनांकः– 04/08/2026

प्रतिलिपिः– निबंधक, सहयोग समितियॉं, झारखण्ड रॉंची / संयुक्त निबंधक, स0 स0, द0 छो0 प्र0, रॉंची / जिला सहकारिता पदाधिकारी, रॉंची / सहायक निबंधक स0 स0, रॉंची अंचल, रॉंची को सूचनार्थ प्रेषित।

अध्यक्ष